Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# MP

# SET

## Previous Year Paper

## (Psychology)

## 15 Dec, 2024

Teachingninja.in

Teachingninja.in

**R/P/P/2024/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

**24180138**

विषय-मनोविज्ञान
**Subject-PSYCHOLOGY**
द्वितीय प्रश्न-पत्र ( ऐच्छिक )
**Paper II (Optional)**
विषय कोड-18
**Subject-Code-18**

**SET A**

नाम
**Name**

अनुक्रमांक
**Roll No.**

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 32

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु
Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं । प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है । उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें ।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे । अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है । ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 1-50 ) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 51-150 ) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है । परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों । अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें ।
5. कृपया उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
6. परीक्षार्थी सभी रफ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र ( ओ.एम.आर. शीट ) पर भी नहीं ।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेवल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है ।
9. जव आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें ।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे ।
11. उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. ) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. **This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.**
2. **Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.**
3. **In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.**

| | | |
|---|---|---|
| **Paper I** | **General paper** | **(Q. No. 1-50)** |
| **Paper II** | **Question paper on the Subject opted by the examinee** | **(Q. No. 51-150)** |

4. **No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.**
5. **Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.**
6. **Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).**
7. **If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.**
8. **Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.**
9. **Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.**
10. **Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.**
11. **Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.**



Teachingninja.in

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)



Teachingninja.in

51. बौद्ध धर्म के अनुसार, किसी व्यक्ति की संज्ञानात्मक और व्यावहारिक गतिशीलता चित्त और चैतेसिक की निरंतर बदलती निरंतरता में मानसिक घटनाओं की परस्पर क्रिया है । चित्त और चैतेसिक का यह सातत्य निम्नलिखित के अर्थ से निकटता से मेल खाता है :

(A) मन (B) आत्मा

(C) चेतना (D) नैतिकता

52. चेतना आत्म का एक गुण है जिसे प्रकट करने के लिए मन की आवश्यकता होती है। यह इनके विचारों में परिलक्षित होता है :

(A) अद्वैत

(B) सांख्य योग

(C) न्याय-वैशेषिक

(D) जैन

53. भारतीय ज्ञान प्रणाली के अनुसार, ज्ञान का क्रियात्मक कारण है :

(A) विषय (प्रमाद)

(B) वस्तु (प्रमेय)

(C) विधि (प्रमाण)

(D) परिणामी ज्ञान (प्रमा)

51. According to Buddhism, a person's cognitive and behavioural dynamics are the interplay of mental episodes in an ever changing environment of the complex of citta and cetasika. This continuum of citta and cetasika corresponds closely to the meaning of :

(A) Mind (B) Soul

(C) Consciousness (D) Morality

52. Consciousness is an attribute of the self that requires the mind to manifest it. It is reflected in the views of :

(A) Advaita

(B) Samkhya Yoga

(C) Nyaya-Vaisesika

(D) Jaina

53. According to Indian knowledge system, the operative cause of knowledge is :

(A) Subject (Pramada)

(B) Object (Prameya)

(C) Method (Pramana)

(D) Resulting Knowledge (Prama)



Teachingninja.in

54. अद्वैतिक वेदान्तिक व्यक्तित्व के मॉडल के अनुसार जीव के पाँच स्तर हैं । बुद्धि की कार्यप्रणाली–सोच और तर्क या सामान्य तौर पर उच्च संज्ञानात्मक कार्यों से जीव (मनुष्य) का कौनसा स्तर सम्बन्धित है ?

(A) अन्नमय कोष

(B) प्राणमय कोष

(C) मनोमय कोष

(D) विज्ञानमय कोष

55. बौद्ध विचारधारा के अनुसार, चेतना का कौनसा स्तर आकारहीन चेतना से सम्बन्धित है ?

(A) कामलोक (B) रूपलोक

(C) अरूपलोक (D) लोकुत्तर

56. भगवद्गीता के अनुसार, ज्ञान प्राप्त करने की विधियों में शामिल है :

(A) श्रवण, मनन, निधिध्यासन

(B) योग, तप और स्वाध्याय

(C) अष्टांग योग, ध्यान और विपसना

(D) मेडिटेशन, योग और मंथन

54. According to Advaita Vedantic model of personality, the Jiva (Human Being) has five layers. Which layer is related to the functioning of intellect-thinking or reasoning or in general the higher-cognitive function ?

(A) Annamaya Kosha

(B) Pranamaya Kosha

(C) Manomaya Kosha

(D) Vijananamaya Kosha

55. According to Buddhist thought, which plane of consciousness is related to formless consciousness ?

(A) Kamloka (B) Rupaloka

(C) Arupaloka (D) Lokuttara

56. According to Bhagavad Gita, the method of pursuing knowledge includes :

(A) Sravana, Manana, Nidhidhyasana

(B) Yoga, Tapas and Svadhyaya

(C) Astanga Yoga, Dhyana and Vipasana

(D) Meditation, Yoga and Manthan



Teachingninja.in

57. वेजिटेटिव, संवेदनशील और तर्कसंगत प्रकारों में आत्मा का पदानुक्रम किसने प्रस्तावित किया था ?

(A) प्लेटो (B) अल्केमायन

(C) अरस्तू (D) सुकरात

58. विशिष्ट तंत्रिका ऊर्जा का सिद्धान्त किसने प्रस्तावित किया था ?

(A) जोहान्स मुलर

(B) चार्ल्स बेल

(C) फ्रैंकोइस मैगेण्डी

(D) हेल्महोल्ट्ज

59. प्राचीन अनुबंधन में, अनुबंधित उद्दीपक और अनानुबंधित उद्दीपक केवल इस नियम के कारण संबंद्ध हो जाते हैं :

(A) विषमता (B) समानता

(C) आवृत्ति (D) समीपता

60. किस प्रकार का मनोविज्ञान मानव स्वभाव के रहस्यमयी, पारलौकिक या आध्यात्मिक पहलुओं पर केन्द्रित करता है ?

(A) व्यवहारवाद

(B) ट्रांसपर्सनल मनोविज्ञान

(C) प्रकार्यवाद

(D) मानवतावादी मनोविज्ञान

57. Who proposed the hierarchy of souls into vegetative, sensitive and rational types ?

(A) Plato (B) Alcmaeon

(C) Aristotle (D) Socrates

58. Who proposed the Doctrine of Specific Nerve Energies ?

(A) Johannes Muller

(B) Charles Bell

(C) Francois Magendie

(D) Helmholtz

59. In classical conditioning, the Conditioned Stimulus (CS) and Unconditioned Stimulus (UCS) become associated simply because of the law of :

(A) Contrast (B) Similarity

(C) Frequency (D) Contiguity

60. Which type of psychology focuses on the mystical, ecastic or spiritual aspects of human nature ?

(A) Behaviourism

(B) Transpersonal Psychology

(C) Functionalism

(D) Humanistic Psychology



Teachingninja.in

61. किन अनुसंधान समस्याओं के अंतर्गत दो या दो से अधिक परिवर्त्यों/चरों के मध्य प्रकार्यात्मक सम्बन्धों का अध्ययन किया जाता है ?

(A) सहसम्बन्धात्मक

(B) प्रयोगात्मक

(C) सर्वे अनुसंधान

(D) क्षेत्र अध्ययन

62. सहसम्बन्धात्मक अध्ययनों में, बाह्य चरों को नियंत्रित नहीं किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप व्याख्या की निम्नलिखित समस्या उत्पन्न होती है :

(A) दिशात्मकता या प्रतिवर्तिता

(B) मध्यमान समस्या पर प्रतिगमन

(C) प्रसार प्रतिबंध समस्या

(D) कार्य-कारण व्याख्या की समस्या

63. मान-ह्विटनी यू परीक्षण दो स्वतंत्र समूहों के मध्यमान की तुलना करने के लिए..............का एक अच्छा विकल्प है ।

(A) एनोवा

(B) Z-परीक्षण

(C) $t$-परीक्षण

(D) काई-वर्ग परीक्षण

61. Under which research problems are functional relationships between two or more variables studied ?

(A) Correlational

(B) Experimental research

(C) Survey research

(D) Field study

62. In correlational studies, extraneous variables are not controlled, resulting in the following interpretation problem :

(A) Directionality or reversibility

(B) Regression to the mean problem

(C) Range restriction problem

(D) Interpretation of causality problem

63. The Mann-Whitney U-test is a good alternative of the..................to compare the means of two independent groups.

(A) ANOVA

(B) Z-test

(C) $t$-test

(D) $\chi^2$-test



Teachingninja.in

64. जब कोई वितरण सामान्य नहीं हो, अथवा प्रदत्त शृंखला का वास्तविक मध्य-बिन्दु ज्ञात करना हो तब केन्द्रीय प्रवृत्ति के किस माप का उपयोग किया जाता है ?

(A) मध्यमान (B) मध्यांक

(C) बहुलांक (D) ये सभी

65. जब मध्यमान तथा मध्यांक वितरण में अलग-अलग बिन्दु पर आते हैं और संतुलन एक तरफ या दूसरी तरफ बायीं या दाहिनी ओर स्थानांतरित हो जाता है तो उसे कहते हैं :

(A) विषमता

(B) शिखरता

(C) ककुदता

(D) घण्टाकार

66. शोध के संचालन एवं प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण में निम्नलिखित में से किसका प्रयोग करने पर नैतिक आचार का उल्लंघन **नहीं** होगा ?

(A) छल/धोखा

(B) प्रयोज्य द्वारा असहज महसूस करना

(C) प्रयोज्यों की अनामिता

(D) अनैच्छिक प्रतिभागिता

64. Which measure of central tendency is used when a distribution is *not* normal, or to find the actual mid-point of a data series ?

(A) Mean (B) Median

(C) Mode (D) All of these

65. When the mean and the median fall at different point in the distribution and the balance is shifted to one side or the other to left or right is called :

(A) Skewness

(B) Peakedness

(C) Kurtosis

(D) Bell-shaped

66. Which of the following would *not* be a violation of ethical conduct when conducting research and presenting a report ?

(A) Deception

(B) Feeling discomfort by the subject

(C) Anonymity of subjects

(D) Involuntary participation



Teachingninja.in

67. प्रतिगमन के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन **असत्य** है ?

(A) प्रतिगमन के द्वारा दो या दो से अधिक चरों के बीच सम्बन्ध की तीव्रता कितनी है, ज्ञात की जाती है ।

(B) यह दो या उससे अधिक चरों के मध्य सम्बन्ध के प्रकृति के बारे में बताता है।

(C) एक चर ज्ञात होने पर दूसरे के बारे में भविष्य कथन कर सकते हैं ।

(D) निर्धारण गुणांक (कोएफिसिएन्ट ऑफ डिटरमिनेशन) का निर्धारण किया जाता है ।

68. एक प्रयोग में जहाँ दो स्वतंत्र चर हैं, एक ANOVA परीक्षण करने पर हम कितने प्रभाव पा सकते हैं ?

(A) दो मुख्य प्रभाव

(B) दो अंतर्क्रिया प्रभाव

(C) एक मुख्य प्रभाव एवं एक अंतर्क्रिया प्रभाव

(D) दो मुख्य प्रभाव एवं एक अंतर्क्रिया प्रभाव

69. निम्नलिखित में से कौन क्रेसवेल के अनुसार मिश्रित विधि अभिकल्प का एक प्रकार **नहीं** है ?

(A) चरण (फेज) अभिकल्प (डिजाइन)

(B) प्रभुत्वशाली/कम प्रभुत्वशाली अभिकल्प

(C) मिश्रित विधिविज्ञान अभिकल्प

(D) लैटिन-स्क्वायर अभिकल्प

67. Which of the following statement regarding regression is *incorrect* ?

(A) Through regression we know the intensity of the relationship between two or more variables.

(B) It tells about the nature of the relationship between two or more variables.

(C) Can make prediction about the other variable when one is known.

(D) Coefficient of determination is determined.

68. In one experiment in which there are two independent variables, how many effects can we get using an ANOVA test ?

(A) Two main effects

(B) Two interaction effects

(C) One main effect and one interaction effect

(D) Two main effects and one interaction effect

69. Which of the following is *not* a form of mixed method design according to Creswell ?

(A) Phase design

(B) Dominant/Less-dominant design

(C) Mixed methodology design

(D) Latin-square design



Teachingninja.in

70. निम्नलिखित में से कौनसी एक ग्राउण्डेड थ्योरी विधि की विशेषता **नहीं** है ?

(A) पोजीशनिंग

(B) सतत् तुलनात्मक विश्लेषण

(C) ऋणात्मक केस विश्लेषण

(D) सैद्धांतिक प्रतिदर्शन

71. दो या दो से अधिक कार्यों के बीच सकारात्मक सहसम्बन्ध इंगित करता है :

(A) *g* कारक (B) *s* कारक

(C) *r* कारक (D) *z* कारक

72. मापी गई इकाइयों और परिणामों के बीच सम्बन्ध को........................के रूप में एक सीधी रेखा द्वारा वर्णित किया जाता है ।

(A) $y = b + ax$ (B) $y = a + bx$

(C) $x = by + a$ (D) $x = ay + b$

73. क्योंकि 0°C ताप की पूर्ण अनुपस्थिति को नहीं दर्शाता है, सेल्सियस स्केल पर विचार नहीं किया जा सकता :

(A) एक अनुपात पैमाना

(B) एक विश्वसनीय पैमाना

(C) एक यादृच्छिक पैमाना

(D) एक प्रतिनिधिक पैमाना

70. Which one of the following is *not* a characteristic of grounded theory method ?

(A) Positioning

(B) Constant comparative analysis

(C) Negative case analysis

(D) Theoretical sampling

71. A positive correlation between two or more than two functions indicates the presence of :

(A) *g* factor (B) *s* factor

(C) *r* factor (D) *z* factor

72. Relationship between the measured units and some outcomes is described by a straight line in the form of.............

(A) $y = b + ax$ (B) $y = a + bx$

(C) $x = by + a$ (D) $x = ay + b$

73. Because 0°C does not represent the complete absence of heat, the Celcius scale cannot be considered :

(A) a ratio scale

(B) a reliable scale

(C) a random scale

(D) a representative scale



Teachingninja.in

74. यदि 1.33 का $z$-स्कोर प्राप्त होता है, तो हम जानते हैं कि व्यक्ति का रॉ स्कोर :

(A) औसत के बारे में है

(B) परीक्षण में प्राय: अन्य लोगों के अंकों से कम है

(C) औसत के ऊपर है

(D) 84वें प्रतिशतक पर गिरता है

75. सामान्य अभिक्षमता परीक्षण बैटरी (GATB) द्वारा क्या **नहीं** मापा जाता है ?

(A) संख्यात्मक योग्यता

(B) लिपिकीय धारणा

(C) उँगलियों की निपुणता

(D) अमूर्त तर्क

76. किस शोध में आंतरिक वैधता की डिग्री (अंश) अधिक है ?

(A) क्षेत्र प्रयोग अनुसंधान

(B) प्रयोगशाला प्रयोग अनुसंधान

(C) क्षेत्र अध्ययन अनुसंधान

(D) पूर्वव्यापी अनुसंधान

77. विभेदक वैधता के लिए प्रेरक साक्ष्य सहसम्बन्ध गुणांक द्वारा प्रदान किए जाते हैं जो..............के करीब आते हैं ।

(A) + 1.00

(B) 0.00

(C) – 1.00

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. If a $z$-score of 1.33 is obtained we know that the person's raw score :

(A) is about average

(B) is lower than the scores of most other on the test

(C) is above average

(D) falls at the 84th percentile

75. Which is *not* measured by General Aptitude Test Battery (GATB) ?

(A) Numerical Aptitude

(B) Clerical Perception

(C) Finger Dexterity

(D) Abstract Reasoning

76. Which research has greater degree of internal validity ?

(A) Field experiment research

(B) Laboratory experiment research

(C) Field study research

(D) Ex-post facto research

77. Persuasive evidence for discriminant validity is provided by correlation co-efficients that turn out close to :

(A) + 1.00

(B) 0.00

(C) – 1.00

(D) None of the above



Teachingninja.in

78. यदि कोई शोधकर्ता अपने आँकड़ों की विश्वसनीयता के सम्बन्ध में प्रभावशाली साक्ष्य प्रस्तुत करता है तो यह मान लेना सुरक्षित है कि आँकड़े भी मान्य हैं ।

(A) कह नहीं सकते

(B) असत्य

(C) सत्य

(D) न तो सत्य और न ही असत्य

79. विश्वसनीयता सीधे तौर पर त्रुटि प्राप्तांक के/की....................से सम्बन्धित है ।

(A) संख्या

(B) आकार

(C) विविधता

(D) दिशा

80. परीक्षण प्राप्तांक का सामान्य संदर्भ :

(A) परीक्षार्थियों के बीच अंकों की तुलना करता है ।

(B) में यथोचित बड़े नमूने के साथ आँकड़े एकत्र करने की आवश्यकता होती है ।

(C) का उपयोग मनोवैज्ञानिक परीक्षण के प्रारंभिक इतिहास से ही किया जाता रहा है ।

(D) उपर्युक्त सभी

78. If a researcher presents impressive evidence regarding the reliability of his or her data, it is safe to assume that the data are valid too.

(A) Can't say

(B) False

(C) True

(D) Neither true nor false

79. The reliability is directly related to the................of the error score.

(A) Number

(B) Size

(C) Variation

(D) Direction

80. Norm referencing of test scores :

(A) compares scores among test takers.

(B) requires data gathering with a resonably large sample.

(C) has been used since the early history of psychological testing.

(D) All of the above



Teachingninja.in

81. मस्तिष्क के आधार के पास स्थित अंतःस्रावी ग्रंथि; जो मेलाटोनिन स्रवित करती है, किस नाम से जानी जाती है ?

(A) पीनियल ग्रंथि

(B) पीयूष ग्रंथि

(C) कंठ ग्रंथि

(D) उपकंठ ग्रंथि

82. उस तकनीक को क्या कहा जाता है जिसमें न्यूरॉन को विद्युत के स्थान पर प्रकाश से सक्रिय किया जा सकता है ?

(A) डीप ब्रेन स्टिम्युलेशन

(B) ट्रांस-क्रैनियल मैग्नेटिक स्टिम्युलेशन

(C) ऑप्टोजेनेटिक्स

(D) कम्प्यूटेड टॉमोग्राफी

83. एक दुर्लभ प्रगतिशील आनुवंशिक स्नायुपेशीय विकार जिसमें अंगों में अनियंत्रित, झटकेदार गतियों की क्रमिक शुरुआत होती है, उसे क्या कहा जाता है ?

(A) पार्किंसन रोग

(B) हंटिंगटन रोग

(C) अल्जाइमर रोग

(D) माइटोसिस

81. Endocrine gland located near the base of the cerebrum; secretes melatonin, is named as :

(A) Pineal gland

(B) Pituitary gland

(C) Thyroid gland

(D) Parathyroid gland

82. A technique where neurons can be activated by light rather than electricity is called as :

(A) Deep Brain Stimulation

(B) Transcranial Magnetic Stimulation

(C) Optogenetics

(D) Computed Tomography

83. A rare progressive genetic neuro-muscular disorder characterized by gradual onset of uncontrollable, jerky movements in limbs, is called as :

(A) Parkinson disease

(B) Huntington disease

(C) Alzheimer disease

(D) Mitosis



Teachingninja.in

84. निम्नलिखित में से कौनसा ग्लियल कोशिकाओं का कार्य नहीं है ?

(A) न्यूरॉन को पोषक तत्व प्राप्त कराना

(B) क्रिया विभव उत्पन्न करना

(C) मृत न्यूरॉनों के अवशेषों की सफाई करना

(D) माइलिन उत्पन्न करना

84. Which one of the following is *not* a function of glial cells ?

(A) Providing nutrients to the neurons

(B) Generating action potential

(C) Cleaning up the remains of dead neurons

(D) Producing myelin

85. उन न्यूरॉन क्षेत्रों को क्या कहते हैं, जो मेडुला और सेतु के मध्य चलते हैं तथा सामान्य ध्यान, चेतनता एवं उत्तेजना हेतु उत्तरदायी हैं ?

(A) ब्रोका क्षेत्र

(B) रेटिक्यूलर फॉरमेशन

(C) वर्निक क्षेत्र

(D) बेसल गैंगलिया

85. An area of neurons running through the middle of the medulla and the pons, which is responsible for general attention, alertness and arousal is called as :

(A) Broca's Area

(B) Reticular Formation

(C) Wernicke Area

(D) Basal Ganglia

86. अनुभव एवं आघात के प्रत्युत्तर में अधिकांश मस्तिष्क कोशिकाओं की संरचना एवं प्रकार्यों में निरन्तर परिवर्तन होने की क्षमता क्या कहलाती है ?

(A) उथली क्षतिग्रस्तता

(B) कोशिका पुनर्जनन

(C) गहरी क्षतिग्रस्तता

(D) स्नायुविक सुघट्यता

86. The ability within the brain to constantly change structure and function of many cells in response to experience or trauma is known as :

(A) Shallow lesioning

(B) Cell regeneration

(C) Deep lesioning

(D) Neuroplasticity



Teachingninja.in

87. मानव प्रेरणा का सिद्धान्त जिसमें किसी क्रिया का सामाजिक सन्दर्भ उस क्रिया के लिए वर्तमान प्रेरणा के प्रकार पर प्रभाव डालता है, सिद्धान्त का नाम बताइए :

(A) अपेक्षा सिद्धान्त

(B) उत्तेजना सिद्धान्त

(C) स्व-निर्धारण सिद्धान्त

(D) पदानुक्रमिक सिद्धान्त

87. Theory of human motivation in which the social context of an action has an effect on the type of motivation existing for the action; name the theory :

(A) Expectancy theory

(B) Arousal theory

(C) Self-determination theory

(D) Hierarchy theory

88. प्रत्येक शंखपालि के भीतर एक वक्रीय संरचना को क्या कहा जाता है, जो दीर्घकालिक घोषणात्मक स्मृतियों के गठन के लिए उत्तरदायी है ?

(A) हाइपोथेलेमस

(B) थेलेमस

(C) लिम्बिक तंत्र

(D) हिप्पोकैम्पस

88. A curved structure located within each temporal lobe, responsible for the formation of long-term declarative memories, is called :

(A) Hypothalamus

(B) Thalamus

(C) Limbic system

(D) Hippocampus

89. चेतन अनुभव के सीमान्त से निम्न उद्दीपक के प्रत्यक्षीकरण की अनुमानित क्षमता को क्या कहते हैं ?

(A) विभेदक सीमान्त

(B) निरपेक्ष सीमान्त

(C) न्यूनतम ज्ञेय भेद

(D) अवचेतन प्रत्यक्षण

89. The presumed ability to perceive a stimulus that is below the threshold for conscious experience is known as :

(A) Differential threshold

(B) Absolute threshold

(C) Just noticeable difference

(D) Subliminal perception



Teachingninja.in

90. 8-12 हर्ट्ज की आवृत्ति वाली मस्तिष्क तरंगें क्या कहलाती हैं ?

(A) बीटा तरंगें

(B) थीटा तरंगें

(C) अल्फा तरंगें

(D) डेल्टा तरंगें

91. चेरी (1953) ने एक प्रयोग में..................का अध्ययन करने हेतु छायाभाषी प्रविधि का प्रतिपादन किया जिसमें प्रयोज्यों को द्विभाषित सुनने (द्विभाषित श्रवण) का कार्य दिया गया था ।

(A) दीर्घीकृत अवधान

(B) चयनात्मक अवधान

(C) श्रवण संवेदना

(D) प्रत्यक्षण

92. शिशुओं तथा युवा पशुओं के गहराई प्रत्यक्षीकरण का परीक्षण करने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है :

(A) दृश्य भृगु

(B) भृगु रेटिना

(C) दृश्य संदर्भ

(D) रेटिना संदर्भ

90. Brain waves at a frequency of 8-12 Hz are called as :

(A) Beta waves

(B) Theta waves

(C) Alpha waves

(D) Delta waves

91. Cherry (1953) propounded an experiment to study....................by using shadowing technique where subjects were assigned task of dichotic listening.

(A) Sustained Attention

(B) Selective Attention

(C) Hearing Sensation

(D) Perception

92. An apparatus used for testing infants and young animal's depth perception is :

(A) Visual clift

(B) Clift ratina

(C) Visual context

(D) Retinal context



Teachingninja.in

93. संकेत संज्ञापन सिद्धांत के अनुसार, एक्स-रे पर किसी धब्बे को देखकर, निर्णय हो सकते हैं :

(i) वास्तविक स्थिति : कैंसर है; निदान-कैंसर नहीं है ।

(ii) वास्तविक स्थिति : कैंसर है; निदान-कैंसर है ।

(iii) वास्तविक स्थिति : कैंसर नहीं है; निदान-कैंसर नहीं है ।

(iv) वास्तविक स्थिति : कैंसर नहीं है; निदान-कैंसर है ।

(a) हिट (सही अनुक्रिया)

(b) गलत अनुक्रिया

(c) मिस (चूक जाना)

(d) सही अस्वीकृति

निम्नलिखित में से सही स्थिति चुनिए :

(A) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(d)

(B) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)

(C) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(b)

(D) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)

93. As per signal detection theory, looking at a spot on a X-ray, decision can be either :

(i) Real condition-Cancer is there; Diagnose-No Cancer.

(ii) Real condition-Cancer is there; Diagnose-Cancer is there.

(iii) Real condition-No Cancer; Diagnose-No Cancer.

(iv) Real condition-No cancer; Diagnose. Yes, there is cancer.

(a) Hit

(b) False Alarm

(c) Miss

(d) Correct Rejection

Choose the correct condition from the following :

(A) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(d)

(B) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)

(C) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(b)

(D) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)



Teachingninja.in

94. रंगों के बारे में कौनसा कथन **सत्य** है ?

(A) अवर्णी रंग – काला, लाल, धूसर

वर्णी रंग – पीला, हरा, भूरा, गुलाबी

(B) अवर्णी रंग – धूसर, सफेद

वर्णी रंग – लाल, नीला, सफेद

(C) अवर्णी रंग – काला, धूसर, नीला

वर्णी रंग – हरा, भूरा, गुलाबी

(D) अवर्णी रंग – काला, धूसर, सफेद

वर्णी रंग – लाल, पीला, हरा, नीला

95. ....................का उपयोग पशुओं में पलायन तथा परिहार अधिगम के अध्ययन के लिए किया जाता है ।

(A) स्किनर बॉक्स (B) शटल बॉक्स

(C) भूलभुलैया (D) हार्नेस

96. उत्तेजना स्तर तथा निष्पादन स्तर के मध्य सम्बन्ध को रेखाचित्र के रूप में इस प्रकार दर्शाया जाता है :

(A) उल्टा यू (U)

(B) सीधी रेखा

(C) उल्टा वी (V)

(D) समानान्तर रेखा

94. Which statement about colours is *true* ?

(A) Achromatic colours - Black, Red, Grey

Chromatic colours - Yellow, Green, Brown, Pink

(B) Achromatic colours - Grey, White

Chromatic colours - Red, Blue, White

(C) Achromatic colours - Black, Grey, Blue

Chromatic colours - Green, Brown, Pink

(D) Achromatic colours -Black, Grey, White

Chromatic colours - Red, Yellow, Green, Blue

95. ....................is used to study escape and avoidance learning in animals.

(A) Skinner Box (B) Shuttle Box

(C) Maze (D) Harness

96. The relationship between arousal level and performance level is graphically presented as :

(A) Inverted U

(B) Straight line

(C) Inverted V

(D) Parallel line



Teachingninja.in

97. एक फैक्टरी के कर्मचारी जिसे प्रति कार्य पूर्ण होने पर भुगतान किया जाता है, वह..................पुनर्बलन का उदाहरण है ।

(A) अंतराल अनुसूची

(B) अंतराल अनुपात अनुसूची

(C) अनुपात अनुसूची

(D) अनुपात अंतराल अनुसूची

98. साइकिल चलाने जैसी कुशल गत्यात्मक क्रियाओं को करने के लिए आवश्यक जानकारी को आमतौर पर प्रक्रियात्मक स्मृति के रूप में जाना जाता है । इसका दूसरा नाम है :

(A) प्रकट स्मृति

(B) प्रासंगिक स्मृति

(C) अर्थगत स्मृति

(D) अप्रकट स्मृति

99. बैडले (1992) के अनुसार कार्यकारी स्मृति के तीन प्रमुख भाग होते हैं :

(A) ध्वन्यात्मक लूप, दृश्य-स्थानिक स्केच पैड, केन्द्रीय कार्यपालक

(B) केन्द्रीय कार्यपालक, प्रक्रियात्मक ज्ञान, प्रासंगिक स्मृति

(C) ध्वन्यात्मक लूप, अर्थगत स्मृति, पैटर्न की पहचान

(D) दृश्यस्थानिक स्केच पैड, गतिज अधिगम, प्रासंगिक स्मृति

97. A factory worker who gets paid per piece of work finished, is an example of..................reinforcement.

(A) Interval schedule

(B) Interval ratio schedule

(C) Ratio schedule

(D) Ratio interval schedule

98. Information required to perform skilled motor activities such as riding a bicycle is commonly known as procedural memory. Another name of it is :

(A) Explicit memory

(B) Episodic memory

(C) Semantic memory

(D) Implicit memory

99. According to Baddeley (1992), working memory consists of three major parts :

(A) Phonological loop, Visuospatial sketch pad, Central Executive

(B) Central Executive, Procedural knowledge, Episodic memory

(C) Phonological loop, Semantic memory, Pattern recognition

(D) Visuospatial sketch pad, Kinesthetic learning, Episodic memory



Teachingninja.in

100. वाक्य सत्यापन कार्य.................के अध्ययन की एक तकनीक है ।

(A) प्रक्रियात्मक स्मृति

(B) प्रासंगिक स्मृति

(C) अर्थगत स्मृति

(D) फ्लैश बल्ब स्मृति

101. बुद्धि के निम्नलिखित सम्प्रत्ययों का उनके प्रतिपादकों के साथ मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | घटकीय बुद्धि | (i) | गार्डनर |
